>

Title: Need to issue Samman Patra to the dependants of freedom fighters.

श्री राजाराम पाल (अकबरपुर): महोदय, मैं आपका ध्यान इस देश को आजादी दिलाने वाले तमाम अमर शहीदों के एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उन आश्रित परिवारों की ओर दिलाना चाहता हूं जिन्होंने देश को आजादी दिलाने के लिए बड़े पैमाने पर कुर्बानी देने का काम किया था। आजादी के इतने वर्षों बाद उन आश्रित परिवारों को कोई पहचान करने वाला नहीं है, लिहाजा मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करता हूं कि ऐसे अमर शहीदों के आश्रित परिवारों को, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित परिवारों को चिन्हित करके उन्हें भारत सरकार द्वारा एक सम्मान पत्र जारी किया जाए, ताकि उनको देश के लिए कुर्बानी देने के लिए याद किया जाए, ताकि राष्ट्रीयता के लिए, इस देश के लिए आने वाली पीढ़ी उनको याद कर सके और उनको सम्मान दिया जा सके।